भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1896
02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कैंसर के बढ़ते मामले

1896. श्री शेर सिंह घुबाया:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पंजाब के फाजिल्का शहर में कैंसर रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार फाजिल्का शहर में कैंसर अस्पताल स्थापित करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त क्षेत्र में कैंसर की रोकथाम के लिए उठाए गए/उठाए जाने वाले उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव जाधव)

(क): केंद्रीय रूप से कैंसर संबंधी मामलों की शहर-वार आपतन के आंकड़ें नहीं रखे जाते हैं, हालांकि, राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) पर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के कैंसर रजिस्ट्री डेटा के अनुसार, पंजाब में विगत पांच वर्षों (2019 से 2023) के लिए सभी प्रकार के कैंसर मामलों की अनुमानित संख्या इस प्रकार है: -

पंजाब में कैंसर मामलों की अनुमानित आपतन- सभी स्थान (आईसीडी10: सी00-C97) - (2019-2023)					
राज्य	2019	2020	2021	2022	2023
पंजाब	37744	38636	39521	40435	41337

(ख) और (ग):- केंद्र सरकार विशिष्ट परिचर्या कैंसर सुविधाकेंद्रों को सुदृढ़ करने की स्कीम को कार्यान्वित करती है। उक्त स्कीम के तहत 19 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और 20 विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) को अनुमोदित किया गया है। इनमें से 2 एससीआई पंजाब में हैं:-

- सरकारी मेडिकल कॉलेज, अमृतसर
- सिविल अस्पताल, फाजिल्का

(घ):- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। कैंसर के तीन सामान्य प्रकार (मुख कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर) एनपी-एनसीडी का एक अभिन्न अंग हैं। इस कार्यक्रम में निम्नलिखित शामिल हैं,

i. अवसंरचना को सुदृढ़ करना

ii. मानव संसाधन विकास

iii. स्वास्थ्य संवर्धन

iv. आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 30 वर्ष और उससे अधिक आयु की आबादी की सामान्य गैर-संचारी रोग अर्थात् मधुमेह, उच्च रक्तचाप और सामान्य कैंसर (मुख, स्तन और सर्वाइकल) की जांच

v. प्रारंभिक निदान और प्रबंधन

vi. उचित स्तर की स्वास्थ्य सेवा सुविधा के लिए रेफरल

एनपी-एनसीडी के तहत 753 जिला एनसीडी क्लीनिक, 356 जिला डे केयर सेंटर और 6238 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं।

कैंसर की रोकथाम और उपचार हेतु जागरूकता सृजन पर भी निम्नलिखित उपायों से ध्यान केंद्रित किया गया है:-

(i) आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के तहत आरोग्य क्रियाकलापों को बढ़ावा देकर और सामुदायिक स्तर पर संचार को लक्षित करके कैंसर के निवारक पहलू को सुदृढ़ किया जाता है।

(ii) प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का उपयोग करके और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए जन जागरूकता बढ़ाने हेतु अन्य पहल जिसमें राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, विश्व कैंसर दिवस मनाना शामिल है।

(iii) एनपी-एनसीडी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा एनएचएम के तहत उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के अनुसार कैंसर सहित एनसीडी के लिए जागरूकता सृजन क्रियाकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

(iv) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के "ईट राइट इंडिया मूवमैंट" के माध्यम से "स्वस्थ आहार" को बढ़ावा दिया जाता है। "फिट इंडिया मूवमैंट " युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। आयुष मंत्रालय द्वारा योग से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप संचालित किए जाते हैं।

******